RAF SECTOR
NEWS CLIP
01/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Meerut,UP)

बेगमपुल पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाकर्मी • जागरण

Rashtriya Sahara (Prayagraj,UP)

रैपिड एक्शन फोर्स का पैदल मार्च

कुलपहाड़ : सीओ सहित पैदल मार्च कर लोगों से पूछताछ करते आरएएफ जवान। फोटो : एसएनबी

कुलपहाड़ (एसएनबी)। कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांवों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय के निर्देश पर आये रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के कमाण्डर ने नगर के लोगों से पूछताछ करते हुए जानकारी हासिल की तथा क्षेत्र में कहीं भी दंगे फसाद या श्मशान घाट, कब्रिस्तान को लेकर विवाद होने की स्थिति पैदा हो रही हो या किसी तरह की शान्ति व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति बनने विषयक विभिन्न जानकारियां ली।

कोतवाली पहुंचे आरएएफ कमांडर सन्तोष कुमार ने प्रभारी निरीक्षक जयकुमार सिंह से मुलाकात कर शान्ति व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की जिस पर उन्होंने कहा कि कोतवाली क्षेत्र में ऐसी कोई भी स्थिति नहीं है। इसके साथ कोतवाली पहुंचे लोगों के साथ नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि अमित प्रताप सिंह से भी नगर की शान्ति व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की। इस पर उन्होंने कहा कि न तो यहां कोई दंगे जैसी कोई स्थिति है न ही कोई शान्ति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है। आस पास के क्षेत्र में भी कोई ऐसी स्थिति नहीं है। इसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी अवध सिंह व प्रभारी निरीक्षक जयकुमार सिंह के साथ आरएएफ के कमांडर सन्तोष कुमार ने जवानों व कोतवाली पुलिस के साथ संयुक्त रूप से नगर में पैदल मार्च किया और इस दौरान भी कमाण्डर ने रास्ते में मिले लोगों से भी जानकारी हासिल की। इसके बाद आरएएफ कमाण्डर सन्तोष कुमार ने कोतवाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उन्हें केन्द्र से गृह मंत्रालय के निर्देश पर महोबा जिले सहित यहां के सभी थानों में पहुंचकर यहां की शान्ति व्यवस्था की स्थिति को जानने के लिए भेजा गया है। उनके जैसी ही कई बटालियन उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के कुल 46 जिलों में स्थिति की जानकारी हासिल करने हेतु टीमें बनाकर भेजी गयी है। यदि कहीं पर भी दंगे जैसी स्थिति बनने की संभावना होती है तो उससे निपटने के लिये पहले से रूपरेखा तैयार की जाती है ताकि उस पर नियंत्रण पाया जा सके और पूरी रिपोर्ट शासन स्तर पर भेजी जाती है। उन्होंने बताया कि महोबा जिले को उनकी सूची में इसी वर्ष शामिल किया गया है। कहा कि महोबा जिले में काफी हद तक स्थिति सही है केवल यहां पर पानी की समस्या ही उभर कर सामने आई है। इस मौके पर एसआई रमेश कुमार, एसएसआई राजू सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि अमित प्रताप सिंह, हरी अनुरागी सहित समस्त स्टाफ व पत्रकारगण मौजूद रहे।

शांति व्यवस्था के बारे में लोगों से ली जानकारी

Rashtriya Sahara (Prayagraj,UP)

आरएएफ व पुलिस ने शांति व सुरक्षा के लिए क्षेत्र में किया पैदल मार्च

महोबा/चरखारी (एसएनबी)। गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार आने वाले दिनों में हिंदु, मुस्लिम के पर्वों को ध्यान में रख महोबा जनपद में स्थित सभी थाना, कोतवाली क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ लोगों में सुरक्षा के भाव को और मजबूत बनाने, अपराधियों में भय व्याप्त करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस के साथ आरएएफ की बटालियन पैदल मार्च भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में महोबा एवं चरखारी कोतवाली क्षेत्र में भी आरएएफ के बटालियन कमांडर संतोष कुमार ने महोबा चरखारी में पैदल मार्च किया।

महोबा कोतवाली इंस्पेक्टर विपिन त्रिवेदी, क्राइम कोतवाल ध्यान सिंह चौहान के अलावा अन्य थाना पुलिस बल आरएएफ कमांडर संतोष व जवानों के साथ पैदल मार्च को निकला और आरएएफ सहित स्थानीय पुलिस ने मनिया देव, छोटी, बड़ी चन्द्रिका देवी मंदिर, कीरत सागर, कजली मेले के शुभारम्भ स्थल, हवेली दरवाजा, रोडवेज में पैदल मार्च कर लोगों से बातचीत की। आवाहन किया कि किसी भी संदिग्ध को देखें, कोई अपराध अथवा अपराधी नजर आए तो इसकी सूचना पुलिस को दें। इस पुलिस की संयुक्त टीम ने सदर कोतवाली क्षेत्र के चिन्हित संदेवनशील, अतिसंवेदनशील ग्रामों छिकहरा, कालीपहाड़ी, कुम्हड़ौरा, बरातपहाड़ी आदि में भी पैदल मार्च/फ्लैग मार्च आम जनता में पुलिस सुरक्षा के प्रति भरोसा कायम करने का प्रयास किया। उधर चरखारी में आरएएफ के डिप्टी कमाण्डर रविन्द्र पटेल, धमेन्द्र, सन्तोष ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याएं कोतवाली प्रांगण में कोतवाली प्रभारी अनूप कुमार दुबे व क्षेत्र के प्रधान व समाजसेवियो की मौजूदगी में सुनीं। इसके साथ ही पैरामिलिट्री के एक दर्जन से अधिक जवानों के साथ पैदल मार्च किया। ग्राम प्रधानों ने कहा कि मनरेगा के तहत बर्षा ऋतु में सरकार बजट नहीं देती जिससे काम न हो पाने के अलावा बेरोजगार युवकों के घूमने फिरने और गलत रास्ते पर जाने का खतरा उत्पन्न हो रहा है। यहां चरखारी को पर्यटन के मानचित्र में शामिल कर विकास की जरूरत बताई गयी। आरएएफ कमाण्डर धमेन्द्र ने कहा कि यहां कि समस्या को हम केन्द्र तक पहुंचा देगे।

रूट मार्च व प्रधानों से वार्ता के दौरान आरएएफ के कमांडर को बतायी गयीं समस्याएं

Dainik Jagran (Ayodhya,UP)

हनुमानगढ़ी के पास निगरानी करते आरएएफ के जवान • जागरण

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।